CM YUVA HUB

सबको हुनर, सबको काम
उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

युवाः देश की एक अप्रयुक्त संपदा

120 करोड़ से अधिक जनसंख्या के साथ भारतवर्ष विश्व का सर्वाधिक युवा देश है। अनुमान है कि सन् 2020 तक देश के लगभग 50 करोड़ व्यक्तियों की औसत आयु 25 वर्ष से कम होगी। यदि इस कार्यबल को उत्पादक कार्यों से जोड़ा जा सके, तो यह देश के सामाजिक, आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है तथा सकल घरेलू उत्पाद की दर में 2: से अधिक की वृद्धि प्राप्त की जा सकती है।

एक कटु सत्य : भारतवर्ष विश्व के सर्वाधिक तीव्रता से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में सम्मिलित होने पर भी विकास के लाभ युवाओं के एक बड़े हिस्से तक, जो असेवायोजित है, नहीं पहुँच रहे है, जिसके परोक्ष में रोजगार के अवसरों का प्रणाली गत जटिलताओं से ग्रसित एवं प्रभावित होना है। बढ़ती हुई बेराजेगारी की दर जो अप्रैल–मई, 2020 में 23.5: तक पहुँच गयी थी, गंभीर चिन्ता का विषय है।

स्वरोजगारः परिवर्तन का एक माध्यमः स्वरोजगार का विकल्प सेवायोजन के औपचारिक क्षेत्र से बाहर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। रोजगार के नए अवसरों के सृजन के अतिरिक्त, युवाओं में आत्मनिर्भरता विकसित होती है, जिस पर मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा बार–बार बल दिया गया है।

सीएम युवा हबः समाधान की एक दिशा : प्रदेश के युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा सुदृढ़ संरचनात्मक प्रबंध तंत्र को विकसित कर युवाओं को स्वरोजगार में सरलता से स्थापित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सीएम युवा हब योजना की संकल्पना की गयी है। इस योजना के माध्यम से उन उद्यमियों की सहायता करने का प्रयास किया गया है, जो पूँजी प्रशिक्षण व अन्य अवस्थापना व परामर्शी सुविधाओं के द्वारा अपना उद्यम स्थापित करने के इच्छुक है।

पूँजी का प्राविधान स्वनियोजित व्यक्तियों को सफल उद्यमियों में बदलने में सहायक होगा, जो अपनी प्रगति के साथ–साथ प्रदेश के आर्थिक विकास में भी प्रभावी भूमिका निर्वहन करने में सक्षम व समर्थ बनाएगा।

सीखो और कमाओं जैसी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न पारम्परिक एवं आधुनिक व्यावसायों में प्रशिक्षित युवा स्वउद्यमी के रूप में विकसित किये जा सकेंगें।

सभी को लाभ पहुँचाने की पहलः सीएम युवा योजना के अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि इच्छुक लाभार्थियों को योजना का चयन करने में, विशिष्ट योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र तैयार करने, जमा करने तथा बैंको या सम्बन्धित विभागों से आवश्यक सुविधा या सहायता प्राप्त करने में किसी कठिनाई का अनुभव न करना पड़े। अल्पसंख्यकों, महिलाओं, शिल्पकारों व गरीब उद्यमियों के लिए संचालित योजनाएँ समाज के इन उपेक्षित वर्गों को प्रोत्साहित कर उन्हें अपनी आजीविका कमाने के समान अवसर प्रदान करेंगी।

सीएम युवा योजना लाभार्थियों के अतिरिक्त अन्य हितधारकों, नोडल विभागों तथा बैंकों के साथ भी समन्वय व नियमित संवाद करेगी। योजना के क्रियान्वयन हेतु विकसित किए गए पोर्टल द्वारा विभिन्न स्तरों पर उत्तरदायी अधिकारियों को चिह्नित कर दिया गया है तथा कार्य निष्पादन हेतु समय सीमाएं भी निर्धारित कर दी गयी है। इन संस्थाओं के मध्य नियमित संवाद व समन्वय से योजना के क्रियान्वयन में गति आ सकेगी तथा औपचारिक पत्र व्यवहार को सीमित किया जा सकेगा।